CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 46 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, शनिवार, 24 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

### दर्जनों वाहनों में तोड़फोड़, पुलिस पर हमला; एनआईए रेड के बाद हिंसक हुआ संगठन का प्रदर्शन

# केरल में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने आरएसएस ऑफिस पर बम फेंके

**नई दिल्ली।** 15 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 93 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी के बाद शुक्रवार को पीएफआई ने केरल बंद बुलाया है। एनआईए रेड का विरोध कर रहे संगठन के कार्यकर्ता हिंसक हो उठे। राजधानी तिरुवनंतपुरम और कोयट्टम में पीएफआई कार्यकर्ताओं ने दर्जनों सरकारी बसों और गाड़ियों में तोड़फोड़ की है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, कन्नूर के मट्टनूर में आरएसएस ऑफिस पर पेट्रोल बम





फेंके गए। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर पुलिस मौजूद है। पुलिस के मुताबिक, कोल्लम में मोटर साइकिल सवार पीएफआई कार्यकर्ताओं ने 2 पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इधर, तिरुवनंतपुरम में हिंसा करने वाले 5 पीएफआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पकड़ा है।

### पीएफआई बंद के दौरान हिंसा से जुड़े अपडेट

केरल हाईकोर्ट ने राज्यव्यापी बंद बुलाने के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेताओं के खिलाफ सुओ मोटो एक्शन लिया है। केरल HC के आदेश के मुताबिक कोई भी बिना अनुमति के बंद नहीं बुला सकता है। कोर्ट ने आदेश में यह भी कहा कि गिरफ्तारियों के बाद ऐसा प्रदर्शन ठीक नहीं। कांग्रेस ने गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा रोक दी है। इस पर भाजपा ने तंज कसा कि पीएफआई और इस्लामिक जिहादी संगठनों ने आज हड़ताल का आह्वान किया और कांग्रेस ने आज अपनी पद यात्रा रोक दी इससे घटिया और शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता।

### केरल से बंगाल तक छापेमारी, अब तक 106 अरेस्ट

उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, ओडिशा और राजस्थान में गुरुवार को एनआईए ने ईडी के साथ मिलकर छापेमारी की। रेड में करीब 300 से ज्यादा एनआईए अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान जांच एजेंसी ने पीएफआई के 106 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

### राजस्थान के 8 करोड़ लोगों को मिलेगा फ्री में इलाज

# ट्रीटमेंट से पहले पता चलेगा कितना खर्चा आएगा, सभी का होगा इश्योरेंस

**जयपुर।** गहलोत सरकार विधानसभा में RIGHT TO HEALTH बिल पेश कर चुकी है। इस पर आज सदन में चर्चा हो सकती है। राजस्थान अपने प्रदेश के 8 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य का अधिकार देने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। बिल के आज ही पास होने की संभावना है। इस बिल के पास होने और कानून बनने के बाद प्रदेश के हर नागरिक को स्वास्थ्य का अधिकार कानूनी तौर पर मिल जाएगा। सरकार ने इसे पब्लिक हेल्थ का राजस्थान मॉडल बताया है, जो एडवांस्ड पब्लिक हेल्थ के युग की शुरुआत करेगा। इस बिल की खास बात यह होगी कि राजस्थान के 8 करोड़ लोगों को फ्री में इलाज मिलेगा। कैसी भी इमरजेंसी हो यदि मरीज प्राइवेट हॉस्पिटल में भी जाता है तो वहां भी उसका फ्री इलाज होगा। इसके साथ ही प्रदेश के हर व्यक्ति का इंश्योरेंस सरकार करवाएगी। इसके अलावा मरीज से लेकर डॉक्टर्स के लिए भी इस बिल में कई प्रावधान जोड़े गए हैं।



### 14.55 करोड़ रुपए सालाना बजट

इसमें 14 करोड़ 55 लाख रुपए हर साल खर्च हो सकेगा। इसमें ह्युमन रिसोर्सेज के लिए 14 करोड़ 50 लाख रुपए, स्टेट हेल्थ अथॉरिटी औ डिस्ट्रिक्ट हेल्थ अथॉरिटी मेंबर्स के भत्तों के लिए 5 लाख रुपए का प्रोविजन किया गया है। वक्त के साथ खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है।

#### अथॉरिटी के अधिकारी-कर्मचारी पर लीगल कार्यवाही या केस नहीं होगा

राजस्थान सरकार, स्टेट हेल्थ अथॉरिटी, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ अथॉरिटी के अध्यक्ष, सदस्य या अथॉरिटी की कमेटी के अधिकारियों, सदस्यों पर सद्भावना से की गई किसी भी बात के लिए कोई केस, अभियोजन या लीगल कार्यवाही नहीं होगी।

### स्टेट हेल्थ अथॉरिटी बनेगी

राजस्थान में स्टेट हेल्थ अथॉरिटी बनेगी। जिसमें जॉइंट सेक्रेटरी या उससे ऊपर रैंक का आईएएस अधिकारी अध्यक्ष होगा। हेल्थ डायरेक्टर मेंबर सेक्रेटरी होंगे। जबकि मेडिकल एजुकेशन कमिश्नर, राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के जॉइंट सीईओ, आयुर्वेद डायरेक्टर, होम्योपैथी डायरेक्टर, यूनानी डायरेक्टर पदेन सदस्य होंगे। सरकार की ओर से नॉमिनेटेड दो लोग जिन्हें पब्लिक हेल्थ और हॉस्पिटल मैनेजमेंट की नॉलेज हो, वह मेंबर होंगे। पदेन सदस्य के अलावा सभी मेंबर्स की नियुक्ति 3 साल के लिए होगी। 6 महीने में कम से कम एक बार हेल्थ अथॉरिटी की बैठक होगी। साल में 2 बार बैठक करनी होगी।

### हर जिले में डिस्ट्रिक्ट हेल्थ अथॉरिटी बनेगी

राजस्थान के सभी जिलों में डिस्ट्रिक्ट हेल्थ अथॉरिटी भी बनाई जाएगी। स्टेट हेल्थ अथॉरिटी बनने की तारीख से 1 महीने के अंदर डिस्ट्रिक्ट हेल्थ अथॉरिटी की ऑटोनॉमस बॉडी बनाई जाएगी। इसमें जिला कलेक्टर पदेन अध्यक्ष होगा। जिला परिषद सीईओ पदेन सह अध्यक्ष होगा। डिप्टी सीएमएचओ पदेन सदस्य, जिला आयुर्वेद अधिकारी और पीएचईडी के एसई पदेन सदस्य होंगे। राज्य सरकार करी ओर से नॉमिनेटेड दो मेंबर सदस्य होंगे। जिला परिषद का प्रमुख इसका सदस्य होगा। साथ ही पंचायत समितियों के 3 प्रधान सदस्य होंगे। पदेन मेंबर्स के अलावा सभी सदस्यों की नियुक्ति 3 महीने के लिए होगी।

### पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक ठप न करें

## पीएम बोले-अर्बन नक्सलियों ने सालों रोका सरदार सरोवर बांध का काम

**अहमदाबाद।** देश के सभी राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पर्यावरण के नाम पर विकास की परियोजनाओं को अनावश्यक ठप न करें। उन्होंने सरदार सरोवर बांध का उदाहरण देकर कहा- अर्बन नक्सली कई सालों तक बांध के निर्माण का काम रोके रहे। मोदी ने कहा- देश आजाद होते ही सरदार सरोवर बांध के काम शुरू हुआ। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इसका शिलान्यास किया था। इसके बाद अर्बन नक्सली एक्टिव हो गए और नर्मदा नदी पर बनने वाले इस बांध का काम यह दावा करते हुए रोका कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा। इसका परिणाम ये हुआ कि बांध बनने में कई दशक लग गए। इसका उद्घाटन तब हो सका जब मैं प्रधानमंत्री बना। इस देरी के कारण भारी मात्रा में धन बर्बाद हो गया था। अब जब बांध पूरा हो गया है, आप अच्छी तरह से अंदाजा लगा सकते हैं कि उन अर्बन नक्सलियों दावे कितने संदिग्ध थे।

#### साजिश का मुकाबला करें

पीएम ने कहा- ये शहरी नक्सली अभी भी सक्रिय हैं। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि पर्यावरण के नाम पर परियोजनाएं अनावश्यक रूप से ठप न हों। साजिश का मुकाबला करने के लिए



हमारे पास एक संतुलित दृष्टिकोण होना चाहिए।

#### सर्कुलर इकॉनॉमी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें

मोदी ने कहा- आजकल हम देखते हैं कि कभी जिन राज्यों में पानी की बहुलता थी, ग्राउंड वॉटर ऊपर रहता था, वहां आज पानी की किल्लत दिखती है। ये चुनौती सिर्फ पानी से जुड़े विभाग की ही नहीं है, बल्कि पर्यावरण विभाग को भी इसे उतना ही बड़ी चुनौती समझना होगा। मैं सभी पर्यावरण मंत्रियों से आग्रह करूंगा कि राज्यों में सर्कुलर इकॉनॉमी को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दें। इससे सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के हमारे अभियान को भी ताकत मिलेगी।

### मेयर सौम्या गुर्जर को पद से हटा सकती है सरकार

## सुप्रीम कोर्ट ने गहलोत सरकार को कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र किया

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर को आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट जो न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश की थी उसे कोर्ट ने सही मानते हुए सरकार को कार्रवाई के लिए स्वतंत्र कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने कार्रवाई 2 दिन बाद यानी 25 सितंबर बाद ही करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब संभावना है कि 26 सितंबर को कोर्ट के आदेशों की रिर्टन कॉपी मिलने के बाद सरकार सौम्या गुर्जर को किसी भी समय पद से बर्खास्त कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट में आज हुई सुनवाई में जस्टिस अजय ओक और जस्टिस संजय किशन कौल ने ये आदेश सुनाए। सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता (AAG) मनीष सिंघवी ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के बाद निर्देश दिए है कि सरकार न्यायिक



जांच की रिपोर्ट के बाद नियमानुसार कार्यवाही करें। कोर्ट ने सरकार को कहा- वह 2 दिन इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं करें। मेयर सौम्या गुर्जर की तरफ से पैरवी सीनियर एडवोकेट रूचि कोहली ने की। आपको बता दें कि मेयर सौम्या गुर्जर और अन्य तीन पार्षदों के खिलाफ जून 2021 में शुरू की गई न्यायिक जांच की रिपोर्ट पिछले महीने 10 अगस्त को सरकार को पेश की गई थी, जिसमें सौम्या समेत अन्य 3 पार्षदों को दोषी पाया गया था। इस रिपोर्ट को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया था और मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की थी।

### 16 करोड़ की धोखाधड़ी में एम्स का डॉक्टर गिरफ्तार

## वाई-कॉम्बिनेटर से फंड मिला तो नीयत बदली: बहन के साथ मिलकर बिजनेस पार्टनर को ठगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आपराधिक अपराध शाखा (EOW) ने AIIMS के एक MBBS डॉक्टर और उसकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बहन को फर्जी दस्तावेज बनाकर 16 करोड़ रूपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में



गिरफ्तार किया है। EOW के अधिकारी रविंद्र यादव ने बताया कि दोनों भाई-बहनों के खिलाफ पिछले साल नोएडा सेक्टर के रहने वाले डॉक्टर गंधर्व गोयल ने शिकायत दर्ज कराई थी। डॉ गंधर्व ने दोनों भाई-बहनों पर उनका फर्जी साइन लेकर उनके शेयर नौ सौ रुपए में खरीदने और बाद में उसे अन्य निवेशकों को 16 करोड़ में बेचने का आरोप लगाया था। डॉ गंधर्व ने बताया वो और डॉ चेरियन ने एक साथ एम्स से पढ़ाई की थी। दोनों ने साथ मिलकर दोनों ने सिनैप्सिका टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी खोली थी। जिसका कार्यालय जसोला में है। चेरियन की बहन मीनाक्षी सिंह भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कंपनी से जुड़ीं थी। टीम ने एक ऐसा सॉफ्टवेयर डेवलप किया था, जो बिना रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के सी.टी. स्कैन, एक्स-रे और एमआरआई का रिपोर्ट तैयार कर देता था।

## आरसीए अध्यक्ष पद पर वैभव की ताजपोशी तय! नादूं गुट को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार, वैभव की टीम में होंगे नए चेहरे

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में चुनावी बिगुल बज चुका है। 30 सितंबर को आरसीए की नई कार्यकारिणी के लिए वोटिंग की जाएगी। वहीं इससे पहले आज नागौर, श्रीगंगानगर और अलवर जिला संघों को लेकर आपत्ति समेत लोकपाल जैसे मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि कोर्ट के फैसले के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की चुनावी तस्वीर भी साफ हो जाएगी। नागौर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि आरसीए में तानाशाही चल रही थी। जिसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में गए हैं। ऐसे में आज लोकपाल, चुनाव अधिकारी, वोटिंग लिस्ट समेत जिला संघों पर दर्ज की गई आपत्तियों को लेकर फैसला आएगा। ऐसे में कोर्ट के फैसले के बाद ही हम चुनाव लड़ने या फिर नहीं लड़ने का फैसला लेंगे। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे हैं। उन्हें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन




के चाणक्य विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी का भी पूरा समर्थन है। इसलिए माना जा रहा है कि वैभव के सामने इस बार कोई भी प्रत्याशी अध्यक्ष पद का उम्मीदवार नहीं बनेगा। ऐसे में नामांकन के साथ ही वैभव अध्यक्ष पद पर क्लीन स्वीप कर सकते हैं। वहीं विपक्षी गुट की ओर से कुछ जिला संघों के पदाधिकारियों को अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने के लिए कहा गया था। लेकिन उन्होंने वैभव के सामने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। हालांकि कार्यकारिणी के दूसरे पदों को लेकर प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

#### पुराने पदाधिकारियों के दोबारा चुनाव लड़ने पर असमंजस

आरसीए की मौजूदा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अमीन पठान, सचिव महेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण निमावत, संयुक्त सचिव महेन्द्र नाहर और कार्यकारिणी सदस्य देवाराम चौधरी हैं। लेकिन, जस्टिस आरएम लोढा समिति की शिफारिशें लागू होने के कारण इनमें से कई सदस्यों के दोबारा चुनाव लड़ने पर असमंजस की स्थिति बनी हुई हैं।

लोढा समिति की सिफारिशों के अनुसार राज्य क्रिकेट संघ या बीसीसीआई स्तर के पदाधिकारियों को छह साल के कार्यकाल के बाद तीन साल के ब्रेक से गुजरना होगा। इस नियम की वजह से राज्य संघ के कई सदस्यों के चुनाव लड़ने पर रोक लग सकती है। ऐसे में मौजूदा कार्यकारणी के पदाधिकारी जल्द ही बैठक कर कार्यकारणी के पदों के प्रत्यशियों पर मंथन करेंगे।

## सेंसेक्स 1000 अंक लुढ़का, निवेशकों को चार लाख करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में 1100 अंक से अधिक गिरावट आई है, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 300 अंक से ज्यादा लुढ़क गया है। इस गिरावट से निवेशकों को चार लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई है। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप चार लाख करोड़ रुपए गिरकर 277.58 लाख करोड़ रुपए रह गया है। दोपहर बाद 2.30 बजे सेंसेक्स 1021 अंक यानी 1.73 फीसदी की गिरावट के साथ 58098 अंक पर ट्रेड कर रहा था। दूसरी ओर निफ्टी भी 297 अंक यानी करीब 1.69 फीसदी की गिरावट के साथ 17332 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में पॉवर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयरों में शुरुआती कारोबार में गिरावट आई।

### देश के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात

# दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश जारी, इटावा में 4 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मानसून अब जाने वाला है, लेकिन विदाई से पहले कहर बरपा रहा है। देशभर में बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली, यूपी, एमपी, राजस्थान समेत देश के कई हिस्सों में लगातार भारी बारिश हो रही है। दिल्ली-गुरुग्राम में बारिश के बाद जगह-जगह पानी भरा हुआ है। कई जगहों पर सड़कें भी धंस गई हैं। इससे जाम लगा हुआ है। उधर, यूपी के इटावा में भारी बारिश से एक मकान की दीवार गिर गई। हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर में लगातार बारिश दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को दिन भर भारी बारिश होती रही। शुक्रवार को भी बारिश का दौर जारी है। गुरुग्राम में सड़कों पर पानी भरा हुआ है। इससे जगह-जगह ट्रैफिक जाम लगा हुआ है। मौसम विभाग ने दिल्ली में यलो अलर्ट जारी किया है। इसके चलते अगले 2-3 दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुग्राम प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए शुक्रवार को कर्मचारियों को घर से ही काम करने को कहा।

#### यूपी: आकाशीय बिजली गिरने से 2 की मौत

यूपी के 26 शहरों में गुरुवार को मूसलाधार बारिश हुई। कानपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि पिता घायल हो गया। शाहजहांपुर में भी आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। आगरा में भी बारिश जारी रही। इसके चलते सड़कें धंस गई। वहीं, मथुरा में जलभराव होने से सीएम योगी









आदित्यनाथ का दौरा रद्द कर दिया गया। इटावा में भारी बारिश होने से एक मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें तीन भाई और एक बहन शामिल है।

**एमपी: शिवपुरी में बस्ती में घुसा मगरमच्छ-** इंदौर-जबलपुर, ग्वालियर समेत 30 से ज्यादा शहरों में दो दिन से बारिश हो रही है। यह सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। अनूपपुर जिले में सोन नदी में गुरुवार को स्कूली विद्यार्थियों से भरी नाव पलट गई। सभी बच्चे नदी पार कर स्कूल जा रहे थे। नदी के दूसरे छोर पर पहुंचते ही नाव पानी में समा गई। नाव में 18 लड़कियां और 2 लड़के सवार थे। हालांकि, सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

#### राजस्थान: चूरू में बिजली गिरी, धौलपुर में 4 इंच बारिश

राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से भले ही मानसून की विदाई हो गई हो, पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में अब भी अच्छी बारिश हो रही है। ऐसा बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बनने की वजह से है। चूरू जिले में बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से ससुर-बहू घायल हो गए। इस दौरान खेत में बैठी करीब 20 से ज्यादा बकरियों की मौत हो गई। दो दिन से दक्षिणी हरियाणा और जीटी बेल्ट के जिलों में कहीं बूंदाबांदी तो कही जोरदार बारिश जारी है। सूबे में सबसे ज्यादा बारिश रेवाड़ी में दर्ज की गई है।

## संपादकीय

# नफरती मंसूबे

सत्ताधीशों के मूकदर्शक बने रहने से विचलित देश की शीर्ष अदालत ने टीवी न्यूज चैनलों की नफरत फैलाने वाली बहसों पर अंकुश लगाने को शीघ्र कदम उठाने को कहा है। इन डिबेटों को हेट स्पीच फैलाने का जरिया मानते हुए जस्टिस केएम जोसफ और जस्टिस ऋषिकेश राय की बेंच ने टीवी चैनलों की बहसों के नियमन के लिये दिशा-निर्देश तैयार करने की जरूरत बतायी। साथ ही नाराजगी जतायी कि केंद्र सरकार मूकदर्शक बनकर सब कुछ देख रही है। वह इस मामले की गंभीरता को कमतर आंक रही है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस बाबत नियामक दिशा-निर्देश तैयार करने की मंशा जताते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि क्या वह इस बाबत कोई कानून लाने की इच्छाशक्ति दिखाएगी? खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि टीवी न्यूज चैनलों की सोच है कि भड़काने वाली बहसों से टीआरपी बढ़ती है। जो कालांतर मुनाफे का जरिया बनती हैं। इसके मद्देनजर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार कानून बनाती है तब तक कोर्ट इस बाबत गाइड लाइन जारी करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत देश में वैमनस्य फैलाने वाली टीवी बहसों को लेकर गाहे-बगाहे सख्त टिप्पणी करती रही है। उसने वर्ष 2020 में भी एक चैनल द्वारा सांप्रदायिक नजरिये से प्रसारित किये जा रहे कार्यक्रम के मामले में हस्तक्षेप किया था। तब भी अदालत ने रोष जताया था कि इस चैनल के खिलाफ सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न किये जाने के कारण ही कोर्ट को इसमें दखल देना पड़ा था। तब न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था कि अब वह वक्त आ गया है जब हमें स्व-नियमन की तरफ बढ़ना चाहिए। लेकिन विडंबना यह है कि हाईकोर्ट द्वारा उक्त चैनल के विवादित कार्यक्रम पर रोक लगाने के बाद केंद्रीय प्रसारण मंत्रालय ने चैनल को कार्यक्रम प्रसारण की अनुमति दे दी थी। मंत्रालय की दलील थी कि कार्यक्रम में दखल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में अनधिकृत हस्तक्षेप होगा। मंत्रालय का यह बयान इस मुद्दे से जुड़े कई सवालों को जन्म देता है।

विगत में शीर्ष अदालत में सरकार के प्रतिनिधि ने कहा था कि केंद्र सरकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के नियमन के लिये विस्तृत रूप से कार्य कर रही है। दरअसल, नियमन के निर्णायक कानून के अभाव में सरकार न्यूज चैनलों की प्रसारण सामग्री को केबल टेलीविजन नेटवर्क के नियमों के तहत नियंत्रण करती है। इसमें इस बात का प्रावधान है कि केबल सेवा किसी भी ऐसे कार्यक्रम का प्रसारण नहीं कर सकती जो संप्रदाय व धर्म विशेष के विरुद्ध हो। साथ ही समाज में अलगाव फैलाने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण न हो। आधे-अधूरे तथ्यों के आधार पर बने कार्यक्रमों के प्रसारण की अनुमति नहीं होगी। साथ ही सरकार निर्धारित करती है किस चैनल को प्रसारण की अनुमति है तथा प्रसारण सामग्री किस तरह की होगी। लेकिन यहां सवाल है कि क्यों इस गंभीर चुनौती के बीच इन चैनलों के नियामक संगठन खामोश हैं? न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एसोसिएशन यानी एनबीए चैनलों की विश्वसनीयता व नैतिकता के मुद्दों पर कुछ क्यों नहीं करती है? क्या संगठन के सदस्य चैनल संस्था द्वारा आत्मनियमन के लिये बने नियमों का पालन करते हैं? सवाल न्यूज ब्रॉडकास्टिंग स्टैंडर्ड अथॉरिटी की भूमिका को लेकर भी उठे रहते हैं। क्या चैनल इसके सुझावों को गंभीरता से लेते हैं? वहीं दूसरी ओर सरकार की निष्क्रियता को लेकर भी शीर्ष अदालत चिंता जता रही है। आखिर सरकार इस मुद्दे पर ठोस व निर्णायक कदम क्यों नहीं उठाती? कोर्ट ने उससे बदलावकारी भूमिका की उम्मीद की है। साथ ही कोर्ट ने टीवी एंकरों से अपेक्षा की है कि वे बहसों में शामिल लोगों के बयानों को संयमित-मर्यादित बनायें। शीर्ष अदालत ने यहां तक कह दिया कि जब तक सरकार इस बाबत कानून नहीं बनाती है तब तक कोर्ट टीवी न्यूज चैनलों पर होने वाली डिबेटों के लिये दिशानिर्देश तैयार करने के बाबत विचार कर सकती है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत की सख्त टिप्पणियों के मद्देनजर खुद को चौथा स्तंभ बताने वाले मीडिया संस्थानों को जिम्मेदार व्यवहार करना होगा। साथ ही अपनी विश्वसनीयता को कायम रखने के लिये आत्मनियंत्रण की राह चुननी होगी।

# अनैतिक काम पर अंकुश

चोरी छिपे एक साथ दो जगह काम करना (मूनलाइटिंग) सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के 300 कर्मचारियों को भारी पड़ गया है। कंपनी ने ऐसा करते पकड़े गए 300 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल बाहर किया है। मूनलाइटिंग दुनिया भर के सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उभरी एक नई समस्या है। कोरोना के बाद पैदा हुई यह समस्या आईटी क्षेत्र के लिए महामारी बनकर उभर रही है। विभिन्न कंपनियां इस समस्या से गंभीरता से निपटने का प्रयास कर रही हैं।



पिछले कुछ महीनों में विप्रो के कर्मचारियों को प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के लिए काम करते पाया गया था। जब कोई कर्मचारी अपनी नियमित नौकरी के साथ ही बिना बताए दूसरी जगह भी काम करता है तो उसे तकनीकी तौर पर 'मूनलाइटिंग' कहा जाता है। विप्रो के चेयरमैन ऋषद प्रेमजी ने 'मूनलाइटिंग' के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि कंपनी के पास विप्रो के 'पेरोल' पर रहते हुए प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के साथ भी काम करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं हैग ऐसा करने वाले कंपनी के प्रति निष्ठा का पूरी तरह से उल्लंघन और धोखाधड़ी करते हैं। आईटी क्षेत्र की एक अन्य प्रमुख कंपनी इन्फोसिस ने भी कंपनी में नौकरी के साथ अन्य कार्य करने वाले कर्मचारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। आईबीएम ने भी 'मूनलाइटिंग' को अनैतिक कहा है। आईटी कंपनियां इस बात को लेकर बुरी तरह चिंतित हैं कि नियमित काम के घंटों के बाद दूसरी नौकरी करने वाले कर्मचारी काम की 'उत्पादकता' को प्रभावित करेंगे। कोविड़-19 महामारी के बाद लगे लॉकड़ाउन के दौरान जब वर्क फ्रॉम होम की शुरुआत की गई तभी इस तरह की आशंकाओं के बारे में कंपनियों को सचेत रहना चाहिए था। काम की 'उत्पादकता' के प्रभावित होने और टकराव के साथ ड़ेटा उल्लंघन जैसी स्थिति के बारे में सोचा जाना चाहिए था। वर्क फ्रॉम होम के साथ ही प्रतिभाओं की कमी से बुरी तरह जूझ रहे इस क्षेत्र में अनेक सुविधाएं वापस ले ली गई हैं। बहुतों की तो नौकरियां ही चली गई। देखा जाए तो भविष्य के प्रति आशंकित युवाओं ने आय वृद्धि का जो तरीका अपनाया है उस पर इतनी सख्ती ठीक नहीं है। टेक महिंद्रा का कहना है कि समय के साथ बदलते रहना जरूरी है। काम के तरीकों में बदलाव का स्वागत जरूरी है।

## चिंतन-मनन

# मौन का तन मन की सुन्दरता के लिये महत्व

प्रत्येक मनुष्य सुन्दर एवं स्वस्थ्य रहना चाहता है। सुन्दरता एवं स्वस्थ्य का राज मौन मै छिपा हुआ है। सामान्यत- चुप रहना मौन है, प्राचीन पुराण बचन के साथ ईष्या, डाह, छल, कपट और हिन्सा को कम करना मोन होता है। मनोवैज्ञानिक 'फायड' का कहना है कि जीवन अन्तर्द्वद्वी श्रृंखलाओं से मिल कर बना है। अन्तर्द्वद्व दो या दो से अधिक विरोधी इच्छाओं का एक साथ उत्पन्न होना है। ये असीम इच्छायें पूर्ण न होने पर तनाव नामक बीमारी देती है। जिससे आज के अधिकांस व्यक्ती ग्रासित है। अन्तर्द्वद्व में फंसे व्यक्ति की स्थिति कई विपरीत दिशाओं से आने वाली नदियों के पानी के साथ मिलने से भॅवर बनती है कि जैसी हो जाती है। भॅवर में फसे व्यक्ति को न बैठे शांति मिलती है न लेटे, न भूख लगती है, न प्यास, न ही ध्यान अध्ययन में मन लगता है। याददास्त क्षमता कम हो जाती है। हार्ट अटेक, आत्म हत्या भी इसी कारण करते हैं।

हर मनुष्य अन्नत शक्तिमान है। यह शक्ति मन एवं पाचों इन्द्रियों के कार्यो में खर्च होती है। मन एवं इन्द्रियों को बस मे करने का कार्य 'मौन' करता है। मौन रहने से मनुष्य के अन्दर की छुपी हुई शक्ति उदय हो जाती है। आज के कल युग में इनद्रिय विषय-भोगों की सामग्री में वहुत वृद्धि हूई है जिसे अपनाने पर इक्छा शक्ति में अधिक बृद्धि हो रही है। जो टेन्सन को जन्म देती है। अत: आज टेन्सन बड़ी बीमारी हो गई है। जो भी व्यक्ति अधिक बोलते है उनके मुख में रहने वाला पाचक रस सूख जाता है। मानसिक सन्तुलन खो जाता है, हृदय गति तेज हो जाती है। मान इन सब परेशानियों से बचने की राम वाण औषधी है। दिन में एक घण्टा मौन रहने पर दो घण्टे की कार्य क्षमता में बृद्धि होती है। रक्त प्रवाह सामान्य स्वस्थ्य होता है, तन, मन, सुन्दर बनता है। अत- संयमित वोल मान को जीवन में अपनाना चाहिये।

# मेरे लिए नरेन्द्र मोदी के मायने

मोदी जी वास्तव में देश के विकास के पहिये की धुरी हैं और धुरी ही समस्त चक्र को चलाती हुई आगे की ओर ले चलती है। कहने की आवश्यकता नहीं कि विकास का यह पहिया यूँ ही चलता रहना चाहिए, इसका रुकना देश के विकास में बाधा का काम करेगा जो कोई भी सच्चा भारतीय कभी नहीं चाहेगा।

सुरेन्द्र सिंह हुड्डा

'जो गरजते हैं वो बरसते नही' यह उक्ति वर्तमान भारत के संदर्भ में अनुचित प्रतीत होती है क्योंकि मोदी गरजते भी हैं और बरसते भी हैं। देश का एक नागरिक होने के नाते मेरा यह मानना है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीयत और नीति देश की सबसे बड़ी बुराई 'भ्रष्टाचार' को नष्ट करने की है। यही कारण है कि इस वर्ष 15 अगस्त 2022 को लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने की अपनी गंभीरता को दोहराया और देश की जनता को यह अहसास दिलाने की कोशिश भी की कि नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वह भी भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सहयोग करें। नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही सरकारी तंत्र को पारदर्शी बनाने के अनेक सार्थक प्रयास किए जोकि सफल भी हुए। डिजिटल लेनदेन का व्यापक उपयोग शुरू होना इस दिशा में सबसे बड़ा उदाहरण है।

नरेन्द्र मोदी न होते तो क्या होता? यह एक ऐसा विषय है जिस पर विचार अवश्य होना चाहिए ताकि देश की वर्तमान परिस्थितियों से उनकी तुलना हो सके। मान लो कि यदि 2014 में भाजपा नेतृत्व की मोदी सरकार न आई होती और कांग्रेस के किसी नेता के नेतृत्व में केंद्र सरकार बनी होती तो क्या यह संभव होता कि उनके दूसरे कार्यकाल में जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटती और क्या माननीय उच्चतम न्यायालय में राममंदिर को लेकर चल रहे कानूनी मामले में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार सकारात्मक रुख रखती? इतना ही नहीं क्या यह भी संभव हो पाता कि दशकों से पिस रही मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को कांग्रेस सरकार के रहते न्यायालय से तीन तलाक मामले में न्याय मिलता? देश यह कभी नहीं भूल सकता कि 2014 से पहले कांग्रेस नेतृत्व की सरकार भ्रष्टाचार के प्रति बेहद नकारात्मक रुख अपनाए हुए थी और उसी कारण देश की अधिकांश जनता ने कांग्रेस के विरुद्ध जाते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी पर विश्वास जताते हुए एकतरफा मतदान किया।

यदि देश की जनता 2014 में भी कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता में बैठा देती तो हमारे देश में भी श्रीलंका की तरह जनता व्यवहार करती हुई दिखाई देती। इसलिए यहाँ यह भी जिक्र करना आवश्यक हो जाता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 8 वर्षों में भारत सरकार की विदेश नीति के क्या परिणाम रहें और अगले दशक में भारत किस प्रकार 'शक्ति का केन्द्र' बनने जा रहा है । इसे समझने के लिए पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार दानिश तरार के उस बयान पर ध्यान देना चाहिए जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत ने रूस से एस-400 मिसाइल खरीदा, अमेरिका भारत पर प्रतिबंध लगाने की हिम्मत नहीं कर रहा है, भारत का इजरायल और ईरान, दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं, सऊदी अरब आज भारत के साथ खड़ा है, यूएई और भारत के बीच 70 अरब डॉलर का व्यापार है और यह भारत की परफेक्ट विदेश नीति का



उदाहरण है।

भारत के दो पूर्व विदेश सचिव व आठ अलग-अलग रणनीतिकार विश्लेषकों ने मिलकर भारत की विदेश नीति पर एक किताब लिखी है। किताब का नाम है 'इंडियाज पाथ टू पॉवर- स्ट्रैटजी इन ए वर्ल्ड एड्रिफ्ट卐, इस किताब के संदर्भ में सभी वरिष्ठ पूर्व अधिकारी एक बात पर सहमत हैं, कि भारत की विदेश नीति में व्यापक बदलाव हुए है जो बहुत सकारात्मक है । नरेन्द्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का शुरूआती समय उन सभी संवेदनशील मुद्दों को 'निपटाना' के रहें हैं जो भारत के सामने कई दशकों से चुनौती दे रहे थे । कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करना , भारत में नागरिकता कानून 卐 सीएए卐 पर विचार करना प्रमुख थे और इन पर ज़बर्दस्त काम भी हुआ है हालाँकि इन बदलावों पर पश्चिमी देशों के साथ-साथ विपक्षी दलों ने भी मानवाधिकार उल्लंघन के सवाल उठाए ।

मोदी सरकार की परीक्षा कोरोना महामारी के रूप में तथा उसके कारण उत्पन्न हुई देश की आर्थिक परिस्थितियां भी रहीं हैं । मुश्किल समय में लद्दाख में चीन की आक्रामकता ने भी सरकार की परीक्षा को और कठोर कर दिया। हमारे विपक्ष ने कठिन समय पर मोदी सरकार के साथ खड़े होने की बजाए, राजनीतिक लाभ लेने की कई कोशिशें की। विपक्षी दलों की नकारात्मक सोच के कारण मोदी सरकार के लिए विदेश नीति पर 'आम राय' कायम करना काफी मुश्किल हो गया और सरकार विदेश नीति पर अपने हिसाब से आगे बढ़ती रही। नरेन्द्र मोदी सरकार को हर मोर्चे पर मिली बड़ी चुनौतियाँ और उनकी कामयाबी सरकार की स्पष्ट नीति के कारण ही जीत दर्ज करने में सफल रहीं।

विदेश नीति पर निरंतर अग्रसर नरेन्द्र मोदी सरकार ने भारत के सभी पड़ोसी देशों के साथ मित्रता भावना अपनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी परंतु पाकिस्तान की तरफ से निरंतर छल मिलता रहा जिसका पर्याप्त जवाब देना बनता था जोकि मोदी सरकार ने बेहतरीन प्रदर्शन कर बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में दिया। जब नेपाल में भयंकर भूकंप से वहाँ बहुत क्षति हुई, तब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपात बैठक बुलाई और हरसम्भव मदद देने के लिए आदेश दिए जो शाम 4 बजे नेपाल पहुँच गई । हाल ही में हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका में जनता भुखमरी के कगार पर पहुँच गई तब भी मोदी सरकार ने अपने पड़ोसी देश के लिए सम्भव सहयोग किया । मोदी सरकार के नेतृत्व में मालदीव के साथ बिगड़े हमारे सम्बन्ध अच्छे हुए हैं वहीं श्रीलंका के पोर्ट पर भारत का नियंत्रण चीन से पुन: लेकर स्थापित हो गया है ।

विश्व में अमरीका, रूस, युरोपीय देश, अरब देश भारत को मित्र मानकर सम्मान करते हैं वहीं चीन भी कोई दुस्साहस करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। यूक्रेन युद्ध के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाल कर लाना पूरे विश्व ने देखा है। यह सभी नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व के कारण ही सम्भव हुआ है। इसके अलावा मोदी सरकार ने 'बिम्सटेक' पर खासा ध्यान दिया है, जिसमें बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं और भारत सरकार की मौजूदा विदेश नीति में इस संगठन को काफी प्रमुखता दी जा रही है। इन सभी के चलते यह कहा जा सकता है कि आने वाला दशक भारत के लिए एक नायक की भूमिका वाला होने वाला है।

नरेन्द्र मोदी ने भारत को नया भारत बनाने के लिए अनेक प्रभावशाली योजनाओं को धरातल पर उतार कर कामयाब भी किया है । जिसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे किसानों को प्रोत्साहन दे रही है । बात करें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की तो इससे गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि , लघु या सूक्ष्म उद्यम से जुड़े लोगों को दस लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है जो भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में जीवन रेखा का काम कर रही है । आयुष्मान भारत जोकि स्वास्थ्य बीमा की योजना है, जिसमें सीधे तौर पर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों को मदद मिल रही है । सबको घर मिले इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से मोदी सरकार की ओर से घर बनाने में भी आर्थिक मदद दी जा रही है। मोदी सरकार में उज्जवला योजना महिलाओं के लिए शुरु की गई सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन बांटे गए हैं ।

जीवन बीमा के महत्व को समझते हुए मोदी सरकार की ओर से दो बीमा योजना शुरू की गई है। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शामिल है । ग़रीबों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए जन-धन खाता योजना के अंतर्गत हर परिवार को बैंकिंग सुविधा मिल रही है । इस योजना के तहत एक परिवार के दो सदस्य जन-धन योजना में जीरो बैलेंस खाता खोल सकते हैं। देश में गरीबी के कारण बहुत बड़ी संख्या भूखे पेट ही रह जाती थी , इसी कारण को देखते हुए मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 5 किलो राशन प्रति व्यक्ति, प्रति महीने मुफ्त देना शुरू किया है । इस योजना से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिल रहा है । कोरोना महामारी वर्ष 2020 में नरेन्द्र मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) की घोषणा की थी। इस योजना को खाद्य सुरक्षा कानून के रूप शुरू किया गया है ।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मोदी जी वास्तव में देश के विकास के पहिये की धुरी हैं और धुरी ही समस्त चक्र को चलाती हुई आगे की ओर ले चलती है। कहने की आवश्यकता नहीं कि विकास का यह पहिया यूँ ही चलता रहना चाहिए, इसका रुकना देश के विकास में बाधा का काम करेगा जो कोई भी सच्चा भारतीय कभी नहीं चाहेगा।

(लेखक, भाजपा हरियाणा मीडिया सह-प्रमुख हैं।)


## मुद्दा

# हमारे टीवी चैनल कैसे सुधरें ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हमारे टीवी चैनलों की दशा कैसी है, इसका पता सर्वोच्च न्यायालय में आजकल चल रही बहस से चल रहा है। अदालत ने सरकार से मांग की है कि टीवी चैनलों पर घृणा फैलानेवाले बयानों को रोकने के लिए उसे सख्त कानून बनाने चाहिए। पढ़े हुए शब्दों से ज्यादा असर, सुने हुए शब्दों का होता है।

टीवी चैनलों पर उंडेली जानेवाली नफरत, बेइज्जती और अश्लीलता करोड़ों लोगों को तत्काल प्रभावित करती है। अदालत ने यह भी कहा है कि टीवी एंकर अपने चैनल की टीआरपी बढ़ाने के लिए उटपटांग बातें करते हैं, वक्ताओं का अपमान करते हैं, ऐसे लोगों को बोलने के लिए बुलाते हैं, जो उनकी पनपसंद बातों को दोहराते हैं। अदालत ने एंकरों की खिंचाई करते हुए यह भी कहा है कि वे लोग वक्ताओं को कम मौका देते हैं और अपनी दाल ही दलते रहते हैं। असलियत तो यह है कि आजकल भारत के लगभग सारी टीवी चैनल अखाड़ेबाजी में उलझे हुए हैं। एक-दो चैनल अपवाद हैं लेकिन ज्यादातर चैनल चाहते हैं कि उनके वक्ता एक-दूसरे पर चीखे-चिल्लाएं और दर्शक लोग उन चैनलों से चिपके रहें। हमारे चैनलों पर आजकल न तो विशेषज्ञों को बुलाया जाता है और न ही निष्पक्ष बुद्धिजीवियों को! पार्टी-प्रवक्ताओं को बुलाकर चैनलों के मालिक अपना



स्वार्थ सिद्ध करने में लगे रहते हैं। इसीलिए हमारे टीवी चैनलों को, जैसे अमेरिका में पहले कहा जाता था, 'इडियट बॉक्स' याने 'मूरख बक्सा' कहा जाने लगा है। भारत के विधि आयोग ने सुझाव दिया था कि भारतीय दंड संहिता में एक नई धारा जोड़कर ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, जो टीवी चैनलों से घृणा, अश्लीलता, अपराध, फूहड़पन और सांप्रदायिकता फैलाते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय और विधि आयोग की यह चिंता और सलाह ध्यान देने योग्य है लेकिन उस पर ठीक ढंग से अमल होना लगभग असंभव है। टीवी पर बोला गया कौनसा शब्द उचित है या अनुचित, यह तय करना अदालत के लिए आसान नहीं है और अत्यंत समयसाध्य है। कोई कानून बने तो अच्छा ही है लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी यह है कि टीवी चैनल खुद ही आत्म-संयम का परिचय दें। पढ़े-लिखे और गंभीर लोगों को ही एंकर बनाया जाए। उन्हीं लोगों को बहस के लिए बुलाएँ, जो विषय के जानकार और निष्पक्ष हों। पार्टी-प्रवक्ताओं के दंगलों से बाज आएं। यदि उन्हें बुलाया जाए तो उनके बयानों को पहले रेकार्ड और संपादित किया जाएं। एंकरों को सवाल पूछने का अधिकार हो लेकिन अपनी राय थोपने का नहीं। हमारे टीवी चैनल भारतीय लोकतंत्र के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। यदि इनकी हालत जैसी है, वैसी ही रही तो हमारा लोकतंत्र खोखला भी हो सकता है।

## आर्थिक राजनीति

# कर्ज में सरकारें.... अरबपति राजनीतिक दल....?

ओमप्रकाश मेहता

आज एक तरफजहां हमारा देश भारी आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, केन्द्र सहित राज्य सरकारें भारी कर्ज के तले दबी हुई है, वहीं सरकारों के प्रणेता राजनीतिक दल 'अरबपति' बने हुए है और इनकों चलाने वाले राजनेताओं को अपनी अगली सात पुश्तों तक की कोई चिंता नहीं है।

यह कैसी विसंगति है, आज देश के बीस राज्य कर्ज के बोझ से कराह रहे है, जिनमें हमारा अपना मध्यप्रदेश भी शामिल है, जिस पर दो लाख पिंचान्वे हजार करोड का कर्ज है और यह कर्ज दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। यदि इस कर्ज का प्रति व्यक्ति औसत निकाले तो मध्यप्रदेश के हर नागरिक पर डेढ़ लाख से अधिक नागरिक पर डेढ़ लाख से अधिक का कर्ज है, यह स्थिति क्यों बनी? इस पर आज तक किसी ने कोई माथापच्ची नहीं की, वास्तव में इसके लिए शासनरूढ़ राजनीतिक दल की जिम्मेदार है, जो अपने लोकलुभावन वादों की पूर्ति के नाम पर देश-प्रदेश को कर्ज के महासागर में डूबों रहे है।

हमारा देश शायद नब्बे का दशक भूल गया, तब मुल्क दिवालिया या यह कहें श्रीलंका होते-होते बचा था, जिसकी शुरूआत 80 के दशक से हो गई थी, जब देश के इन भाग्यविधाताओं ने अपने मूल दायित्व की अनदेखी की थी, सिर्फअपनी तुच्छ राजनीति के लिए? आज तक भी वही चालीस साल पुराना दौर जारी है, देश प्रदेश की विषम आर्थिक स्थिति से किसी ने कोई शिक्षा नहीं ली, वह इसलिए क्योंकि आज के राजनेता देश से ज्यादा राजनीति को महत्व देते है?

आज देश की केन्द्र व राज्य सरकारें जहां भारी कर्ज के बोझ तले दबती जा रही है, वही राजनीतिक दल अज्ञात स्त्रोतों से धन अर्जित कर दिनोंदिन अरब-खरब पति होते जा रहे है हाल ही में इस बारे में प्रकाशित रिपोर्ट में



बताया गया है कि देश के प्रमुख राजनीतिक दलों ने हाल ही में अज्ञात स्त्रोतों से पन्द्रह हजार सतहत्तर करोड़ रूपए कमाए, अब ये अज्ञात स्त्रोत कौन है, यह कोई भी बताने को तैयार नहीं और फ्रि हमारे देश की तो यह पुरानी परम्परा रही है कि जो दल केन्द्र या राज्यों में सत्तारूढ़ होता है, उसी की आय सबसे अधिक बढ़ती है और अज्ञात स्त्रोत भी उसी ओर आकर्षित होता है, इसी कारण आज केन्द्र तथा देश के अधिकांश राज्यों पर राज करने वाली भारतीय जनता पार्टी सबसे अमीर पार्टी है, गत वर्ष (2020-21) के दौरान भाजपा को एक सौ करोड़ से अधिक की राशि अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त हुई। राष्ट्रीय दलों ने 2004-05 वर्ष से 2020-21 तक 15 हजार करोड़ से अधिक की राशि अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त की, इस राशि से राजनीतिक दल व उसके नेता अपने हित साधनों का कार्य करते है और सरकार या किसी भी सरकारी विभाग (आयकर सहित) की हिम्मत नहीं की वह इनसे इनका हिसाब किताब प्राप्त कर सके।

लगभग आजादी के बाद से ही आज तक चली आ रही इस परम्परा पर मोदी सरकार ने कुछ लगाम कसने की तैयारी की है, अब खबर है कि चुनाव आयोग ने इस पर संज्ञान लेते हुए विधि मंत्रालय को सख्त कदम उठाने की सिफारिश की है, सबसे प्रमुख सिफारिश यह है कि राजनीतिक दलों को एक बार में दो हजार रूपयों से अधिक का नगद चंदा नहीं दिया जाए, संभव है चुनाव आयोग ने कालाधन का प्रवाह रोकने के लिए यह सिफारिश की हो? किंतु यह सिफारिश है काफी महत्वपूर्ण? अभी तक नकद चंदें को लेकर यह परम्परा चली आ रही है कि राजनीतिक दलों को बीस हजार रूपए के नगद चंदे का हिसाब नही रखना होता है। साथ ही निर्वाचन आयोग यह भी चाहता है कि चुनावों के दौरान उम्मीदवार अलग से बैंक खाता खोलें और सारा चुनावी लेन-देन इसी खाते से हो चुनावी खर्च में इसकी जानकारी भी दी जाए। इसके साथ ही चुनाव आयोग विदेशी सूत्रों से प्राप्त फण्ड की भी जांच व इसे रोकने की दिशा में व्यापक चिंतन-मनन कर रहा है। चुनाव आयोग के अध्यक्ष राजीव कुमार ने केन्द्रीय विधिमंत्री किरण रिजीजू को इस मसले पर एक लम्बा पत्र भी लिखा है। जिसमें मौजूदा जन प्रतिनिधित्व कानून में कुछ संशोधन करने की सिफारिश की है चुनाव आयोग का दावा है कि यदि केन्द्र सरकार उसके प्रस्ताव मान लेती है और उन्हें लागू कर देती है तो चुनाव में पारदर्शिता बढ़ेगी और फ्रि इस पर आरोपों की बौंछारें भी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने पिछले दिनों इन्हीं वजहों से कई दलों को निष्क्रीय भी घोषित किया है, ऐसे ढ़ाई सौ से अधिक दल है।

इन्हीं सब चुनाव आयोग व केन्द्रीय विधि मंत्रालय के द्वारा उठाए गए कदमों से यह माना जा रहा है कि केन्द्र सरकार अब चुनावी धांधलियों को खत्म करने की दिखा में सक्रिय हो रही है और यदि ये सख्तियां रंग लाई तो फ्रि देश चुनावी धांधलियों से मुक्त होकर निष्पक्षता की राह पकड़ लेगा। लेकिन इसके लिए देश की राजनीतिक ताकतों व शासनरूढ़ दलों में संकल्प शक्ति की अच्छी खासी जरूरत है, क्योंकि यदि राजनीतिक और राजनेता देश को सभी अवरोधों से मुक्त करने का संकल्प ले ले तो फ्रि उस देश की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता।

## खरसान मे विप्र फाउंडेशन की टीम ने लंपी की रोकथाम हेतु वितरण किया4000लड्डू

मरूधर विशेष/रिपोर्ट चेतन व्यास

वल्लभ नगर विधानसभा क्षेत्र मे इस समय लंपी नामक बीमारी ने कई गायों को मौत के मुँह मे समा दिया है।विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष के के शर्मा व युवा प्रकोष्ठ नरेंद्र पालीवाल ने बताया उदयपुर जिले में भी इस दौरान कई गायों को तड़पती व मरती देख विप्र फाउंडेशन सूरत ने15लाख होम्योपैथी डोज बनाने का लक्ष्य रखा उसमें से8लाख डोज वितरण हो चुके हैं।इसी तरह जिला , तहसील व इकाई कार्यकारिणियों को इस मामले में लगा दिया है और कोरोना महामारी की तरह लंपी से मुकाबले के लिए होम्योपैथी व आयुर्वेदिक दवाओं से उपचार किया जा रहा है।जिला महासचिव प्रेम शंकर रामावत ने बताया कि इसी तरह मेनार, रुंडेडा, इंटाली मे डॉक्टरों के देख रेख मे आयुर्वेदिक लड्डुओं का वितरण किया जा रहा है।आज खरसान के52 भामाशाहों के सहयोग से4000लड्डू पंचायती नोहरे मे तैयार कर खरसान,मनोहरपूरा, मडीकपुरा,मावली डांगयान, सहित आधा दर्जन गाँवो मे गोपालकों को वितरित किये गए। विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के वल्लभनगर तहसील अध्यक्ष घनश्याम मेनारिया ने बताया कि गाँव के युवाओं को सोशियल मीडिया पर ग्रुप बना कर दान की अपील की जिसमें52 लोगों से 45000 रू की राशि एकत्रित की जा चुकी है और इस काम को निरंतर जारी रखने की है।इस काम में गॉव के नीमत , रमेश केदावत, देवेंद्र गोपावत, ललित गोपावत, दिलीप गोपावत, देव गोपावत, प्रकाश गोपावत और अजय गोपावत शामिल थे ।इसी तरह इंटाली मे भी मधुसुदन पारीक के नेतृत्व में गोभक्तों ने लड्डू बना कर वितरित किए गए।इस दौरान गाँव के नंद लाल पारीक,जगदीश चंद्र पुष्करणा, पूर्णिमा पारीक, शम्भु लाल टेलर, जगदीश मूंदड़ा,पशुधन सहायक चिराग वैष्णव, रुक्मिणी बाई,मांगी लाल पटेल, राहुल सुथार सहित कई लोगों ने सहयोग किया था।



## निशुल्क वितरण दवाई होम्योपैथिक की खुराक गौ माता को दी गई



मरूधर विशेष/खेमचंद गुप्ता

विद्याधर नगर विधानसभा विप्र सेना के अध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा पास श्याम जी और पंकज जी द्वारा सूचना दी गई एक गौ माता लंपी रोग से ज्यादा ही पीड़ित है हमने तत्काल उस वार्ड के जनप्रतिनिधि और चेयरमैन राम किशोर जी, वार्ड 40 से पार्षद विजेंद्र पाल जी से संपर्क करके सूचना दी और तत्काल प्रभाव से गाय के पास जाकर विप्र सेना द्वारा निशुल्क वितरण दवाई होम्योपैथिक की खुराक गौ माता को दी गई जनप्रतिनिधि महोदय ने गौ माता के लिए डॉक्टर की व्यवस्था कराई जांच के लिए ।

## ग्राम सेवा सहकारी समिति ढाणी बोराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का किया स्वागत



मरूधर विशेष /विष्णु शर्मा

ग्राम सेवा सहकारी समिति ढाणी बोराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय श्रीमान बालू राम जी जाखड़, उपाध्यक्ष महोदय श्रीमान श्रवण दास जी स्वामी व अन्य सदस्यों तथा ग्राम पंचायत ढाणी बोराज के सरपंच महोदय श्रीमान भैरू राम जी देगड़ा का माल्यार्पण कर , साफा बंधवाकर स्वागत किया गया ।

## श्रीराम नवयुवक मंडल पंडवाल ऊंकार का गठन




बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** आज दिनांक 23/9/2022 शुक्रवार को संपूर्ण ग्राम वासियों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय पंडवाल ऊंकार मैं एकत्रित होकर श्रीराम नवयुवक मंडल पंडवाल ऊंकार का गठन किया गया 1पंडवाल ऊंकार संपूर्ण सामाजिक बुराइयों को खत्म करना 2 संपूर्ण गांव में होने वाले कार्यों की जांच करना 3 गांव में अमीर गरीब सभी सम्मान रहे4 गांव में छोटे-मोटे झगड़े को मंडल द्वारा निपटारा किया जाएगा 5 गांव में होने वाले कार्यक्रम को नवयुग मंडल द्वारा किया जाएगा 6गांव में धर्म प्रसार को रोकने का कार्य किया जाएगा नवयुग मंडल द्वारा किया जायेगा गांव में किसी प्रकार के जातिवाद भेदभाव नहीं किया जाएगा1 अध्यक्ष सुरसिंग बारिया 2 उपाध्यक्ष दिलेश गरासिया मीडिया प्रभारी 3विमल भरावा4 महासचिव मनेश कामोल 5कोषाध्यक्ष मानसिंह तोवर6 सचिव कोमचंद तोवर 7 संगठन मंत्री भंवरलाल के रसिया 8 सहसंगठन मंत्री हकरा भाई गरासिया 9 मंडल संयोजक बहादुर भाई गरासिया स्वास्थ्य मंत्री मुकेश मईडा 10 सेवा मंत्री राजू भाई भरावा11 सूचना मंत्री गजहेंग डोडियार 12 संचालन मंत्री दलूं गरासिया13 व्यवस्थापक मकन भाई गरासिया बालूराम गरासिया गजहेंग गरासिया विजय भरावा दिलीप गरासिया निमेश हरीश प्रवीन संदीप बुलेट मकन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें। ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

# हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत जैसे महान राष्ट्र वीर योद्धा पर हमें गर्व है- मंजितपाल सिंह सांवराद

### रावणा राजपूत समाज के राष्ट्रीय महासम्मेलन में 70 से 80 हजार की संख्या में पहुँचे समाज के लोग

मरूधर विशेष/मनीष कुमावत

**न्यूज-** हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत देवली के 104 वे बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय महासम्मेलन में राष्ट वीर हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह देवली को श्रद्धांजलि अर्पित की। मेजर दलपतसिंह देवली को श्रद्धांजलि देने इजरायल सरकार के प्रतिनिधि भी हाइफा महानायक को श्रद्धांजलि देने पहुचें। राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंजितपाल सिंह सांवराद ने कहा कि हाइफा हीरो मेजर दलपतसिंह शेखावत जैसे महान राष्ट वीर योद्धा पर हमें गर्व है। ऐसे वीर सपूत को हमे कभी भूलना नही चाहिए हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इजराइल सरकार के प्रतिनिधि ने कहा कि हमारे देश के हाइफा शहर को मुक्त करवाने वाले भारत के वीर सपूत मेजर दलपतसिंह शेखावत का बलिदान हमारा देश कभी नही भूलेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रमसिंह भाटी ने समाज की राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग की। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राखी ने समाज की एकता दिखाकर कार्यक्रम को



सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया। जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार ने कहा कि हमारा समाज अब जागरूक समाज है हमे समय समय पर सामाजिक एकता दिखानी चाहिए। आसींद विधायक जबरसिंह साँखला ने कहा कि आज आप सबकी एकता देखकर हमे गर्व होता है कि हमारा समाज संगठित समाज है। बसपा नेता राजवीर सिंह शेखावत ने कहा कि समाज की समाज की एकता एवं संगठन से ही समाज आगे बढ़ता है।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीसी के जरिए किया सभा को सबोधित

इन्होंने भी किया सम्बोधित- महिला प्रदेशाध्यक्ष ममता कंवर राठौड़, बाड़मेर जिलाध्यक्ष ईश्वरसिंह जसोल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रिंकू कंवर केकड़ी, पीसीसी सदस्य गजेन्द्रसिंह साँखला, जैसलमेर कांग्रेस जिलाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, जोधपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामसिंह चाडी, देवीसिंह कुड़ी,पाली जिलाध्यक्ष मूलसिंह गहलोत,अजमेर जिलाध्यक्ष शंकरसिंह राठौड़, आरएएस रणवीरसिंह परिहार डॉक्टर जितेन्द्र सिंह आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने में राष्ट्रीय युवा महामंत्री पहाड़सिंह कूण्डल ने महती भूमिका निभाई। बैठक एवं मंच व्यवस्था बनाने में अमर सिंह हाथोज पृथ्वी सिंह राठौड़ भाखरसिंह सोनड़ी एवं तगसिंह सिणेर ने सहयोग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सन्तोष सिंह जसोल,राजेन्द्रसिंह नारलाई,एडवोकेट कमलसिंह पंवार ने किया। कार्यक्रम में मुंबई, बेंगलोर, चेन्नई,दिल्ली, सूरत, वापी, हैदराबाद, अहमदाबाद, गोवा, हुबली सहित पूरे भारत से लोग 70 से 80 हजार की संख्या में पहुंचे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जोधपुर जिले में पेयजल प्रबन्धन तंत्र सुदृढ़ करने पर फोकस

### प्रभारी मुख्य अभियन्ता श्री मनीष बेनीवाल ने किया जलापूर्ति व्यवस्था का अवलोकन

### पेयजल वितरण तंत्र की प्रभावशाली जाँच एवं सुधार कार्य की समीक्षा, सुधार के दिए निर्देश




जोधपुर।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियन्ता( शहर एवं एनआरडब्ल्यू), जयपुर श्री मनीष बेनीवाल ने जोधपुर जिले में पेयजल प्रबन्धन एवं वितरण से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को अवलोकन किया और जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

हाल ही मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के जोधपुर प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं आम जन से प्राप्त पेयजल संबंधित ज्ञापनों तथा सामने आयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देशों पर जोधपुर जिले के प्रभारी मुख्य अभियन्ता मनीष बेनीवाल ने जोधपुर जिले का दौरा कर वस्तुस्थिति जानी।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता ने जोधपुर में नगरीय, ग्रामीण तथा परियोजना से संबंधित कार्यों के लिए अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता से लेकर कनिष्ठ अभियन्ता तक विभाग के सभी श्रेणियों के अधिकारियों के साथ पेयजल से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, पेयजल प्रबन्धन एवं इससे संबंधित विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और पेयजल से संबंधित एक-एक बिन्दु की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाते हुए पेयजल प्रबन्धन से जुड़ी तमाम गतिविधियों को सुदृढ़ स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जलापूर्ति में सुधार के लिए आवश्यक प्रस्ताव बनाकर तुरन्त स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार सरदारपुरा, सूरसागर एवं जोधपुर शहर विधानसभा के सम्बन्धित क्षेत्रों में पेयजल वितरण व्यवस्था को सुदढ करने लगभग 1 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने स्वीकृत प्रस्तावों पर अविलम्ब कार्यवाही करते हुए इनके क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता बेनीवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को पेयजल वितरण व्यवस्था की रोजाना जाँच कर निर्बाध एवं नियमित तथा स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने आगामी ग्रीष्मकाल तथा इंदिरा गांधी मुख्य नहर की प्रस्तावित नहरबंदी (2023) को देखते हुए जोधपुर शहर के लिये कायलाना, तख्तसागर एवं सुरपुरा में निर्धारित समय से पूर्व पर्याप्त जल संग्रहण की दृष्टि से लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देश दिए, ताकि निर्बाध एवं नियमित पेयजल वितरण जारी रह सके।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत्त जोधपुर के अधीक्षण अभियंता जगदीश चन्द्र व्यास ने बताया कि समीक्षा के दौरान मुख्य अभियन्ता ने जोधपुर जिले की जलापूर्ति की व्यवस्था में सुधार के लिये वर्तमान में प्रस्तावित शहरी (अमृत-2 जल योजना) व ग्रामीण क्षेत्रों विभिन्न योजनाओं (जल जीवन मिशन) के तहत स्वीकृत योजनाओं के कार्य की प्रगति पर चर्चा करते हुए कार्य की गुणवत्ता बनाये रखने और कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार अभियन्ताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## महिला अधिकारिता विभाग की साथिनो ने की ग्राम पंचायतों में जाजम बैठक



मरुधर विशेष दिनेश लेखी

**कठूमर।** उपखंड क्षेत्र में 23 सितंबर शुक्रवार को ब्लॉक कठूमर में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनो में ग्राम पंचायत बेरका की रुचि रानी, ग्राम पंचायत कालवाड़ी हेमा शर्मा, ग्राम पंचायत तसई कमलेश शर्मा ,ग्राम पंचायत बसेठ आशा देवी, ग्राम पंचायत मंगोलाकी अनीता मीणा व ग्राम पंचायत अरुआ की साथिन कुसुमलता के द्वारा जाजम बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बैठक में महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर,महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में बताया साथ ही महिलाओ को शिक्षा सेतु योजना के बारे मे बताया, महिलाओ को महावारी स्वच्छता व प्रबन्धन के बारे मे बताया,महिलाओ को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

## सामूहिक तर्पण और श्राद्ध की तैयारी बैठक संपन्न

बांसवाड़ा।

विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा सर्व पितृ अमावस्या पर मंदारेश्वर मंदिर पर सर्व सनातन समाज के लिए सामूहिक पितृ तर्पण और श्राद्ध निमित्त बैठक का आयोजन त्रयंबकेश्वर मंदिर परिसर पर संरक्षक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या के मुख्य आतिथ्य , जिलाध्यक्ष योगेश जोशी की अध्यक्षता , नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव, बांसवाड़ा तहसील अध्यक्ष सुभाष पंड्या के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई । बैठक में रविवार को आयोजित होने वाले सामूहिक तर्पण और श्राद्ध की तैयारियों के बारे में बताया गया । जिलाध्यक्ष योगेश जोशी ने बताया की ब्रह्मर्षि आचार्य पं. हर्षवर्धन व्यास के आचार्यत्व में विद्वान विप्र वरों द्वारा उक्त कार्य संपादित करवाया जायेगा । उक्त तर्पण और श्राद्ध के लिए सर्व सनातन समाज के लोगों द्वारा अपना पंजीयन कमेटी के पास करवा लिया है। जो भी अपने परिजनों का तर्पण और श्राद्ध करवाने के इच्छुक हो वे नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव के नंबर 9460968968 और नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा 9414497217 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं । इस अवसर पर नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा , कैलाश जोशी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन और आभार जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने किया । ये जानकारी विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष योगेश जोशी ने दी।

## चैनपुरा गांव में श्री राजपूत करणी सेना के 16वें स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

मरुधर विशेष दिनेश लेखी

**कठूमर।** उपखण्ड क्षेत्र गांव चैनपुरा में श्री राजपूत करणी सेना के 16वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष में ठिकाना चैनपुरा में तहसील अध्यक्ष कुँ दीनदयाल सिंह नरूका के नेतृत्व में आयोजित किया गया।
इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर सिंह चौहान पूर्व सरपंच समूँची ने की। विशिष्ट अतिथि भागीरथ सिंह चौहान दाँतिया, भीकम




सिंह नरूका दाँतिया, दुर्जन नरूका पूर्व सरपंच खौंकर, मुंशी सिंह नरूका खौंकर, गजेंद्र सिंह नरूका भाजपा मंडल अध्यक्ष भनोखर , राजपूत करणी सेना उपाध्यक्ष अरुण सिंह नरूका ,ज्ञानसिंह दाँतिया सहित रविंद्र सिंह ,जवाहर सिंह नरूका ,बनयसिंह, शशिकांत नरूका ,धारा सिंह ,भूपेंद्र सिंह नरूका ,गजेंद्र सिंह नरूका ,पूरनसिंह नरूका सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

## ग्राम पंचायत हाथोज़ में गौमाता बचाओ अभियान , आइसुलेशन सेंटर में भामाशाह आशुसिंह सुरपुरा द्वारा दो एम्बुलेंस गौमाता के उपचार में निशुल्क



मरूधर विशेष/महावीर सिंह

ग्राम पंचायत हाथोज़ में गौमाता बचाओ अभियान टीम द्वारा 11वें दिन भी लगातार टीम द्वारा लम्पि से संक्रमित गोमाताओ के लिए निःशुल्क आइसुलेशन सेंटर चलु हैं।इस आइसुलेशन सेंटर में अभी मौजूदा स्थिति में 30 गौमाता का इलाज पूरी तरह से हो चुका है और 10-15 गोमाताओ इलाज जारी। आइसुलेशन सेंटर में भामाशाह आशुसिंह सुरपुरा द्वारा दो एम्बुलेंस गौमाता के उपचार हेतु लगा रखी है। एम्बुलेंस की सहायता से आस-पास से गोमाता संक्रमित होने की सूचना पर एम्बुलेंस की सहायता से आइसुलेशन सेंटर हाथोज़ पर लाके सेवा में डॉ सुदर्शन, डॉ श्याम सुंदर कुमावत, डॉ शेखावत द्वारा समय पर इलाज किया जा रहा है।ओर रेड रोज लेबोरेट्री रितु राज सिंह द्वारा दो कार्टून एंटीबायोटिक दवाइयां एव इंजेक्शन सप्रेम भेट किया।इस अवसर पर गौमाता बचाओ अभियान टीम के ललित भठेसर,मनदीप कुमावत, अमित शर्मा,मुकेश सेन,राजेश स्वामी,सुरेश स्वामी,हरफूल प्रजापति,राकेश बुरी,संजय गुर्जर, मोहन बुरी,जुगलकिशोर,राकेश कुमावत, पवन सिंह, राजकुमार,योगेशकुमार,इमरान खां आदि टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से की शिष्टाचार भेंट



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान में दो बार मुख्यमंत्री के रूप में जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राजस्थान के आमजन के दिलों पर राज करने वाली वसुंधरा राजे से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर राजस्थान सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष तथा वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा व कोटपूतली क्षेत्र के मंच के पदाधिकारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर शर्मा ने प्रशासन द्वारा भेदभाव पूर्ण नीति बिना किसी सूचना के वर्षो पुराने निर्माण आवास एवं दुकानों को तोड़े जाने से रोजगारमुखी को बेरोजगार एवं निर्माण आवास को तोड़े जाने एवं मुआवजे की कार्यवाही ना किए जाने से उपजे आक्रोश की जानकारी दी । कोटपूतली क्षेत्र के युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री विकास डोई वसुंधरा राजे समर्थक मंच तथा नगर अध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक मोरीजावाला, जिला प्रवक्ता सचिन शर्मा एवं युवा नेता सोमदत्त रावत भी भी मौजूद रहे। शिष्टाचार भेंट के चलते श्री राधा-कृष्ण का चित्र भी भेंट स्वरूप दिया। उल्लेखनीय है की राजस्थान की 200 विधानसभा क्षेत्रों में वसुंधरा राजे की जन कल्याणकारी योजनाओं को एवं विकास कार्यों को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाए जाने की भी जानकारी दी गई।

## कृष्ण गोपाल कौशिक लायंस क्लब इंटरनेशनल की सेवा सप्ताह के रीजन चेयरमैन नियुक्त

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** लायंस क्लब के रीजन चेयरपर्सन लायन मनोज शर्मा एवं लायन महेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांतपाल रोशन सेठी द्वारा रीजन 10 के लिए लॉयन कृष्ण गोपाल कौशिक के पिछले वर्षों के कार्यकाल में पीड़ित मानवता एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु किए गए सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्यों तथा कोरोना महामारी के दौरान उनके द्वारा गरीब परिवारों के घर घर पहुंच कर राशन कीट एवं जरूरत संबंधी सामान उपलब्ध करवाने तथा पूरे अलवर जिले की झुग्गी झोपड़ियों में भोजन, वस्त्र तथा जरूरत संबंधित सभी सामान प्रदान करने व अन्य राज्यों को जाने वाले श्रमिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए साधन की व्यवस्था करवाना इत्यादि बेहतरीन कार्यों को देखते हुए उन्हें लायंस क्लब सेवा सप्ताह का रीजन चेयरमैन नियुक्त किया है। इस दौरान क्लब सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई प्रेषित कर सभी ने प्रांतपाल लायन रोशन सेठी को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।साथ ही उन्होंने सेवा सप्ताह में अपने योगदान को अविस्मरणीय बनाने के लिए सम्पूर्ण रीजन में विश्व शांति रैली, सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता, कन्या पूजन एवं कैदी स्वास्थ्य सुरक्षा, फूड फॉर हंगर, पीस पोस्टर प्रतियोगिता, बाल कैंसर जागरूकता एवं अंधत्व निवारण, मधुमेह जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांग सहायता एवं सेवा सप्ताह शिविर समापन संबंधित सभी महत्वपूर्ण सेवाभावी कार्यों का निष्पादन करवाना शामिल है।



## लम्पी रोग से पीड़ित गोवंश के उपचार हेतु राशि भेंटकर मनाया पुत्र का जन्मदिन

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** युवा जागृति संस्थान बानसूर के एचपी क्लैप लैब ट्रेनर, भीम सिंह सैनी ने अपने पुत्र अनुराग सैनी का जन्मदिन गौसेवा कर मनाया। युवा जागृति संस्थान बानसूर अलवर के एचपी क्लैप लैब ट्रेनर भीम सिंह सैनी ने अपने पुत्र अनुराग सैनी के जन्म दिवस के अवसर पर बच्चे के हाथों से गौसेवा के लिए राशि भेंटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बताया कि हाल-फिलहाल गोवंश को लम्पी रोग से संकटग्रस्त देखते हुए मेरे मन में विचार आया कि क्यों ना मैं अपने बेटे के जन्म दिवस पर सहायता राशि भेंट कर गो सेवा में प्रदान करू। ताकि गायों की जान बच सके । यह उनके मन में गौ माता के प्रति दया भावना थी। जिस से प्रेरित होकर उन्होंने यह पुण्य कार्य किया। साथ ही प्रार्थना की कि गौ माता का आशीर्वाद उनके बच्चे पर हमेशा बना रहे। जो प्रयास भीम सिंह द्वारा किया गया वह प्रयास सभी को करना चाहिए। ताकि गोवंश को बचाया जा सके।

# अमर शहीद राव तुलाराम का शहीदी दिवस मनाया गया

**मरुधर विशेष / नरेन्द्र शास्त्री**

**अलवर।** क्षेत्र के सोडावास कस्बे मे स्थित राठ इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन हब मे 1857 की क्रांति के अमर शहीद राज नायक राव तुलाराम का शहीदी दिवस मनाया गया , कार्यक्रम की शुरुआत नरेन्द्र शास्त्री ने दीप प्रज्वलन करके की इस दौरान नरेन्द्र शास्त्री ने बताया की महापुरुष किसी जाति विशेष या व्यक्ति विशेष के नही होते हमे उनके आदर्श चरित्रों को अपनाना चाहिए, इस अवसर पर नरेन्द्र शास्त्री, ललित यादव, नवीन यादव, कपिल मेहता, सतपाल , संदीप चौधरी, मीनू चौधरी , वरुण यादव, पंकज यादव , तथा राहुल , पायल, सानू शर्मा, पायल वर्मा, रीना यादव, अंकुश सैन, रितेश, रुचिका, संगीता मांढैया, राधा चौहान, अंतिम बसवाल, सरिता, नीता, सोनम, आदि विधार्थी मौजूद रहे।

## डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा ने टोल नाकों पर गाड़ियों को रोककर विरोध प्रदर्शन किया



**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** कांग्रेस शासन के खिलाफ डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा ने टोल नाकों पर गाड़ियों को रोककर विरोध प्रदर्शन किया।जिसमें बांसवाड़ा प्रभारी श्री दिनेश जी भट्ट राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू भाई मईडा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी प्रतिपक्ष नेता ओम जी पालिवाल यहां महामंत्री श्री मुकेश रावत निर्मला मकवाना मंजुबाला जी पुरोहित जिला परिषद सदस्य राजेश कटारा जी पिंटू चरपोटा अनिता पारगी ज्योति रावत संजय पण्डया कुसुम जोशी कमलेश कुंवर शक्तावत भारती शर्मा नर्मदा मईडा शारदा पंचाल अभिजीत जैन अनिल गहलौत पार्षद महेंद्र सिंह टोनी युगल उपाध्याय कल्पेश सेवक रतनलाल जी रावत रावजी भाई मईडा आदि उपस्थित रहे। ये जानकारी शीतल भंडारी ने दी।

## गुजराती भाषा में शूरुआत की आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव की



**कुशलगढ।** कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी गुजरात राज्य के विधानसभा चुनाव हेतु श्री अतीत गरासिया जी को दाहोद ज़िले की गरबाड़ा विधानसभा का प्रभारी नियुक्त करने पर आज दाहोद ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष( प्रमुख ) श्री हर्षद भाई निनामा जी से मुलाक़ात कर गरबाड़ा विधानसभा क्षेत्र कि विस्तृत जानकारी ली। साथ ही ग़रबाड़ा विधानसभा के कार्यकर्ताओं इंचार्ज एवं समन्वयकों से मुलाक़ात की ईस दौरान अहमदाबाद के वीएस हॉस्पिटल में अपनी सेवाएँ दे चुके प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर एवं झालोद के पूर्व विधायक डॉक्टर मितेश गरासिया जी से भी शिष्टाचार भेंट की, जहाँ धरातल पर गुजरात विधानसभा चुनाव हेतु कार्ययोजना बनाई गई। ये जानकारी अतीत गरासिया ने दी।

## गौ माता पर जो यह प्रकोप जो संक्रमण आया है उसको रोकना गौ माता की सेवा करना उन्हें फिर से स्वस्थ हो यह कामना करना हमारा दायित्व है कर्तव्य और धर्म भी हैः पंड्या



**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढ़ विप्र फाउंडेशन परिवार द्वारा निरंतर आज 22 दिनों से गौ माता की रक्षा नंदी महाराज की सेवा हेतु विप्र फाउंडेशन परिवार सूरत द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही निशुल्क होम्योपैथिक दवाई पूरे विधानसभा क्षेत्र में निशुल्क बाटी जा रही है दवाई जो भाई छेत्र में ले जा रहे हैं उसका असर इतना हो रहा है कि रोजाना हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है और निशुल्क दवाई प्राप्त कर अपनी गौ माता को नंदी महाराज को पिला रहे हैं और इस दवाई का इतना अच्छा रिजल्ट आ रहा है कि जो गौमाता कई दिनों से बीमार है जिनके शरीर के फोड़े फुंसी हो गए हैं जो गौ माता चारा नहीं खा पा रही थी वह इस दवाई को लेते ही बिल्कुल ठीक हो रही है आज इस कार्यक्रम में कुशलगढ़ पंचायत समिति के प्रधान कानहिग जी रावत ने उपस्थिति देकर विप्र फाउंडेशन का साधुवाद ज्ञापित किया। इस पुनीत काम में विप्र फाउंडेशन युवा को प्रदेश सचिव हेमेंद्र पंड्या ने बताया कि गौ माता पर जो यह प्रकोप जो संक्रमण आया है उसको रोकना गौ माता की सेवा करना उन्हें फिर से स्वस्थ हो यह काम ना करना हमारा दायित्व है कर्तव्य और धर्मभी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री चंद्र शेखर शर्मा वाल्मीकि समाज के हमारे हरि सिंह जी भगत शंभू सिंह जी मक्का भाई महतनरसिंह गिरी जी महाराज कि मेला में हमारे विप्र फाउंडेशन के साथ सक्रिय रहकर कार्य कर रहे पंकज भाई सर्वा क्षेत्र में देवेंद्र जोशी बड़ी सरवा में आनंद जोशी मोखमपुरा में बहादुर भाई बस्सी क्षेत्र में डॉक्टर साहब एवं अन्य समाज के कई बंधु विप्र फाउंडेशन परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गौ माता को बचाने के लिए अग्रसर हो रहे हैं दवाई ले जा रहे हैं एवं स्वयं क्षेत्र में दवाई पिला रहे हैं। ये जानकारी हेमेंद्र पंड्या ने दी

# जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा द्वारा साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई



**बांसवाड़ा।** जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा द्वारा मनोज सिंह चौहान की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है। साधारण सभा में मुख्य बिंदु अधिवक्ताओं में बढ़ती अनुशासनहीनता एवं बार के प्रस्ताव के विपरीत कार्य करने वाले अधिवक्ताओं के खिलाफ बार कौंसिल ऑफ राजस्थान में कार्रवाई कर सनद निरस्त करवाने जाने, न्यायालय परिसर में कार्यरत स्टांप वेंडरों एवं डीड राइटर्स द्वारा नियम विरुद्ध एवं मनमानी राशि वसूलने एवं छपे छुपाए स्टांप विक्रय करने एवं छद्म रूप से अधिवक्ताओं के रूप में कार्य करने से उनके विरूद्ध कठोर कदम उठाने एवं उप पंजीयक कार्यालय में तथाकथित भू माफियाओं व दलालों द्वारा अपने स्तर पर दस्तावेजों का पंजीयन कराने एवं उक्त कार्यालय में अधिवक्ताओं के प्रति व्यवहार आदि के संबंध में जिला कलेक्टर महोदय बांसवाड़ा एवं कलेक्टर मुद्राक बांसवाड़ा में कार्रवाई के संबंध में व्यापक विचार विमर्श किया गया। साधारण सभा को वरिष्ठ अधिवक्ता शाहबाज खान पठान, केके उपाध्याय, भगवत पुरी, सुशील जैन ,राजीव जोशी यशपाल गुप्ता, अजीत सिंह चौहान, जाकिर गोरी, हेमेंद्र पुरोहित, जयेंद्र पुरोहित, अनीता शाह ,प्रीतम सिंह राठौड़ ,तस्लीम अहमद बलूच ,निलेश मेहता, कमलेश तंबोलिया, जयपाल सिंह डाबी ,गौरव उपाध्याय ने संबोधित किया एवं अपने विचार व्यक्त किए ।साधारण सभा में सभी वक्ताओं ने एकमत से अधिवक्ता राहुल चंचावत की निंदा की तथा उसके द्वारा बार एसोसिएशन के प्रस्ताव का उल्लंघन कर प्रकट की गई अनुशासनहीनता के लिए उसके विरूद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग रखी गई एवं यह प्रस्ताव लिया गया है कि उक्त अधिवक्ता राहुल चचावत के विरुद्ध बार कौंसिल ऑफ राजस्थान में शिकायत भेजी जा कर सनद निरस्त करवाने की कार्रवाई जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा द्वारा की जावे। बैठक में उक्त कार्य के अतिरिक्त स्टांप वेंडर ,डीड राइटर एवं सब रजिस्ट्रार कार्यालय में प्रकट अनियमितताओं में सुधार हेतु जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा की कार्यकारिणी को पूर्ण शक्ति के साथ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत एवं अनुसंशित किया गया है ।बैठक के दौरान बिना सदस्यता प्राप्त किए विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं से शीघ्रता से सदस्यता ग्रहण करने का आवहान किया गया। सभा में अधिवक्ता होकर विधि व्यवसाय नहीं करने वाले अधिवक्ताओं के विरुद्ध ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई करने के हेतु अध्यक्ष सहित जिला अभिभाषक संघ कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया ।सभा के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री मनोज सिंह चौहान ने सदन की भावना का अक्षरत से पालन करने का आश्वासन दिया एवं जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा के जिला सचिव तरुण कुमार अडीचवाल ने साधारण सभा का संचालन किया एवं अंत में आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल ( जिला महामंत्री ) जिला अभिभाषक संघ बांसवाड़ा ने दी।

# वन संरक्षित क्षेत्र में नही रूक पा रहा है अवैध खनन

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**



**कामां।** भगवान श्रीकृष्ण की क्रीडा स्थली एंव वन संरक्षित क्षेत्र में वन विभाग व पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से अवैध खनन का कारोबार धडल्ले से चल रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नही है। अवैध खनन को लेकर गांव टायरा निवासी एक व्यक्ति ने वन विभाग मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिखकर अवैध खनन को रूकवाने की मांग की है। गांव टायरा सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव कनवाड़ी,टायरा वन संरक्षित पहाड़ पर प्रतिदिन विस्फोट कर अवैध खनन के पत्थरों को टैक्टर ट्राली में लादकर हरियाणा स्टोन क्रशरों पर ले जाया जा रहा है। साथ ही अवैध खनन के पत्थरों को ग्रामीण क्षेत्र में महंगे दामों में बेचा जा रहा है। साथ ही अवैध खनन कर्ताओं के द्वारा किसानों के खेतों में रास्ता बनाकर फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में कई बार स्थानीय प्रशासन से अवैध खनन को रोकने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अवैध खनन का कार्य धडल्ले से किया जा रहा है।

### क्यों नही रूक पा रहा है अवैध खनन

आखिरकार वन संरक्षित क्षेत्र की पहाडियों में अवैध खनन का कार्य इतना बड़ा रूप ले लिया है। जिसको रोकने में स्थानीय वन विभाग सहित स्थानीय प्रशासन नाकामयाब साबित हो रहा है। मजे की बात तो यह है अवैध खननकर्ताओं से वन विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन के सम्बन्ध होने के कारण कार्रवाई की जानकारी पहले ही दे दी जाती है। और अवैध खननकर्ता पहले ही अपने अपने वाहनों व औजारो को लेकर रफू चक्कर हो जाते है।

सुबह से लेकर सांय तक होती रहती है ब्लास्टिं- कामां क्षेत्र के टायरा,कनवाड़ी, सुनहरा, मुरार,मुल्लाका,लेवड़ा,अकबरपुर,बिलंग,गढ़ाजान,ट कोरा के पहाड़ सहित अन्य पहाड़ों में सुबह चार बजे से लेकर सांय तक अवैध खननकर्ताओं के द्वारा ब्लास्टिंग कर पहाड़ो को छल्नी किया जा रहा है। इसके बाद तीन से चार दर्जन टैक्टर ट्रालियां एक साथ अवैध खनन का पत्थर भरकर सडको पर दौडती हुई नजर आती है।

### इनका कहना है

अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए संसाधनों का अभाव में अवैध खनन के खिलाफ एक दो दिन में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पवन कुमार यादव वन क्षेत्रीय अधिकारी कामां**

## कस्बे में गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह 25 सितम्बर को होगा आयोजित

**मरुधर विशेष दिनेश लेखी।**

**कठूमर।** उपखंड मुख्यालय पर गुर्जर समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 25 सितंबर रविवार को सनराईज पब्लिक स्कूल पर आयोजित किया जाएगा। सनराईज पब्लिक स्कूल के प्रबंधक तारेश दायमा ने बताया कि कस्बे में गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 25 सितंबर रविवार को किया जाएगा। जिसमें 200 प्रतिभाशाली छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पीएस वर्मा पूर्व अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर एवं प्रेम पटेल जिला अध्यक्ष जी कैंप अलवर, लाखन सिंह आरएएस उपखंड अधिकारी कठूमर,हेमराज आरएएस, भरत लाल गुर्जर आरएएस, रेखा गुर्जर आरएएस ,पिंकी गुर्जर आरएएस, हजारीलाल खटाना आरएएस,महेंद्र गुर्जर आरएएस,दशरथ गुर्जर अभियोजन अधिकारी आदि मौजूद रहेंगे।

## तिजारा महल बाग में स्थित विश्राम गृह जर्जर हालत में पड़ा हुआ है

**तिजारा** कस्बे के महल बाग में विख्यात तिजारा के राजा बलवंत सिंह का विश्राम गृह कई वर्षों से जर्जर हालत में अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है स्थानीय प्रशासन से लेकर राजनेता के अनदेखी के कारण अब वह जर्जर हालत में खड़ा हुआ है तिजारा किले के निर्माण के दौरान तिजारा के राजा बलवंत सिंह इस भवन में विश्राम करते थे लेकिन उनकी मौत के बाद इस विश्राम गृह मे स्थानीय



प्रशासन के अधिकारी एवं राजनेता जहां विश्राम कर चुके हैं कई बीघा जमीन में सिमटा यह परिसर अब यहां के उपखंड अधिकारी एवं तिजारा अस्पताल के चिकित्सकों के आवास बने हुए हैं जानकार लोगों ने बताया कि इस भवन में तिजारा के मुख्यमंत्री रहे बरकतुल्लाह खान हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे चौधरी देवीलाल पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह नारायण दत्त तिवारी राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री हरदेव जोशी भी इस भवन में विश्राम कर चुके हैं तिजारा कस्बे के स्थानीय लोगों ने जर्जर बने इस भवन को सुधारने की मांग की है जिससे यह ऐतिहासिक इमारत धरोहर के रूप में एक अपनी पहचान नहीं खोए।

## तिजारा क्षेत्र में रहेगी 6 घंटे विद्युत सप्लाई बंद

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा क्षेत्र में 6 घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बंद कनिष्ठ अभियंता शिव प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया है कि 132 केवी जीएसएस तिजारा पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते इससे निकलने वाले 33 केवी फीडर तिजारा , हिंगवाहेड़ा , ईशरोदा , कोटकासिम , भिण्डूसी एवं मलियार जट की विद्युत सप्लाई दिनांक 24. सितंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी । जिसके कारण इनसे सम्बन्धित सभी 33/11 केवी सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी फीडरो की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

## प्रथम भव्य आदर्श रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ



**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

**तिजारा** – आदर्श अभिनय समाज सेवा समिति रजिस्टर्ड तिजारा द्वारा गुरुवार को प्रथम भव्य आदर्श रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया ! पंडित वेद प्रकाश शर्मा द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन कर रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया ! पंडित टेकचंद शर्मा रामायण वाचक द्वारा गणेश वंदना की गई ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश यादव रहे तथा अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन रामेश्वर सैनी ने की ! डॉक्टर अंजू यादव धर्मपाल हॉस्पिटल द्वारा किया गया ! इस अवसर पर मुकेश यादव ततारपुर, पूर्व चेयरमैन कमलेश सैनी , एडवोकेट पुरुषोत्तम सैनी , सैनी समाज प्रधान कृष्ण सैनी , पूर्व वाइस चेयरमैन बने सिंह बिधूड़ी , पूर्व पार्षद विशंभर सैनी , कुणाल सुनारिया , अभय सिंह बिधूड़ी भिवाड़ी , प्रजापति समाज अध्यक्ष सतपाल प्रजापत , दौलत राम प्रजापत , जी डी कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष जया सैनी , दयानंद सोनी , एडवोकेट सुल्तान सिंह पालीवाल , हरि सिंह मीणा , तिजारा छात्रसंघ अध्यक्ष अरुण कुमार , अतिथि के रूप में मौजूद रहे ! 50 फुट के रंगमंच पर एलईडी स्क्रीन डिजिटल पर्दे पर आकर्षक दृश्यों के साथ नारद मोह की लीला का मंचन किया गया ! कलाकारों ने भूमिका के अनुरूप अभिनय कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया ! आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल , उपाध्यक्ष निरंजन सेन , सचिव हरिनारायण शर्मा , कैलाश सिंधी , सुधीर लखेरा , राधेश्याम सैनी , उग्रसेन सैनी , ठाकुर सिंह पालीवाल , हरिओम सैनी , सुभाष अग्रवाल , कपिल जैन , कपिल अग्रवाल , देवेंद्र नैना , पुरुषोत्तम गजमोती , विनोद सैनी ने अतिथियों का माला पटका व साफा बांधकर स्वागत किया , राहुल सैनी , सचिन जांगिड़ , तिलक , मोहित सैनी , सूरज सेन , सीए हिमांशु सिंघल , आलेख लखेरा आदि ने व्यवस्था को संभाला , मंच संचालन हिमांशु कटारिया द्वारा किया गया ,

### पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने किया ओम बन्ना सेवा संस्थान जयपुर द्वारा द्वित्य स्थापना दिवस पर विशाल भगवा रैली का पोस्टर विमोचन

**मरूधर विशेष/ श्याम खण्डेलवाल**

ओम बन्ना सेवा संस्थान जयपुर द्वारा 25 सितंबर 2022 रविवार को द्वितीय स्थापना दिवस के उपलक्ष में विशाल भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा रैली समापन के बाद मीणा पैराडाइज मैं शाम 6:00 बजे से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन होगा सांस्कृतिक प्रोग्राम ओम बन्ना सा की महाआरती, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें सभी समाज सेवक, गौ सेवकों को सम्मानित किया जाएगा प्रोग्राम में अतिथि विद्याधर नगर के लोकप्रिय विधायक नरपत सिंह राजवी , चोमू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता शंकर गोरा, सभी वार्डो वे पार्षद , राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्र प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह रायथलियां , टीम बाबा रामदास गौशाला समिति, टीम ओम बन्ना टाइगर फोर्स , बजरंग दल , मदद फाउंडेशन , शौर्य फाउंडेशन के साथ सभी 36 कोम के भाई इसमें पधारेंगे ।

संस्था के संस्थापक देवेंद्र सिंह सिंहासन व टीम साथी शिव सिरोड़िया ने बताया कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन वसुंधरा राजे सिंधिया राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा कराया गया संस्था संस्थापक देवेन्द्र सिंह सिंहासन, मुरलीपुरा अध्यक्ष शिव सिरोडिया , निवारू अध्यक्ष नरसी सिंह राठौड़ , संयोजक जय सिंह राठौड़, पार्षद रणवीर सिंह राजावत मौजूद रहे।

## खेडली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायों को लम्पी रोग की दवाई के खिलाए लड्डू

**मरुधर विशेष / दिनेश लेखी**

**खेडली।** भारतीय जनता पार्टी मंडल खेड़ली में भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाला कार्यक्रम में गाय माता के लम्पी रोग की दवाई के लड्डू खिलाये।



मंडल अध्यक्ष शिवचरण अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक बाबूलाल सैनी ने गायों को जगह-जगह लम्पी रोग की दवाई के रूप में दो-दो लड्डू खिलाया गया तथा गायों की देखभाल के लिए कार्यकर्ताओं को लगाया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री लीलाराम, कृष्णा गोपाल शुक्ला सैनी ,प्रजापत मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप अवस्थी, मगतू राम कोली, गिर्राज यादव, राज सिंह राजपूत ,विनोद सैनी, बलदाऊ पांचाल ,सागर सेन सहित अनेक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लम्पी बीमारी से ग्रसित गोवंश का किया प्राथमिक उपचार



**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**

**कठूमर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को समर्पण सेवा पखवाड़ा के तहत मंडल अध्यक्ष सुनील बाजाज के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा कठूमर के कार्यकर्ताओं द्वारा एवं गौ सेवकों के सहयोग से कस्बे के आसपास करीब 20 गोवंश जिनमें लंपी बीमारी चल रही थी उनका प्राथमिक उपचार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो गोवंश बरसात के मौसम में घायल होकर जिनके शरीर में कीड़े और घाव हो रहे थे उनका प्राथमिक उपचार किया इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील बाजाज, महामंत्री श्यामा चौधरी, विस्तारक वीरेंद्र चौधरी,युवा अध्यक्ष दिगंबर,गौरव शर्मा, राहुल भाटी, पायलट भाटी, लखन रजाना,ओमप्रकाश सैनी,सुभाष सोती सहित बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्राम बेरका में साथिन रुचि रानी ने जाजम बैठक कर महिलाओं को किया जागरूक



**मरुधर विशेष दिनेश लेखी**

**कठूमर।** महिला अधिकारिता विभाग की चल रही योजनाओं के बारे में ग्राम बेरका की साथिन रूचि रानी के द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। साथिन रूचि रानी ने घूंघट प्रथा के बारे में महिलाओं को बताया कि जागो सोचो और बोलो घुंघट अब और नहीं कदम बदलाव की ओर बढ़ाएं। अब इस ताने-बाने को हटाए घुंघट इसलिए नहीं कि घूंघट की ओट से आत्मविश्वास में कमी आती है। घुंघट के बंधन से सामाजिक व्यवहारिक राजनीतिक व आर्थिक ज्ञान का अभाव नहीं होता घुंघट के छपाक में शिक्षा की रुकावट आती है। घुंघट की विशेषता में स्वास्थ्य की दुर्बलता होती है। घुंघट की परंपरा की बोसी आत्म सम्मान व गरिमा से समझौता नहीं करवाते। समानता सम्मान शोषण एवं भयमुक्त वातावरण हर महिला का अधिकार है।चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो नारी शक्ति जिंदाबाद।

## शाहजहांपुर पुलिस थाने द्वाराअवैध देसी कट्टे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार 12 बोर जिंदा कारतूस बरामद



**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

शाहजहांपुर पुलिस थाना गश्त के दौरान फोलादपुर गांव के पास आशादीप सोसाइटी नीमराणा के समीप एक व्यक्ति को अवैध देसी कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया ।

शाहजहांपुर थाना अधिकारी विक्रम सिंह चौधरी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक बदमाश विकास सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह जाट निवासी जाट बहरोड को गिरफ्तार किया गिरफ्तार बदमाश पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों की आशंका के चलते पूछताछ की लेकिन अपराधी द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अपराधी की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान अपराधी के पास से अवैध देसी कट्टा 12 बोर सहित जिंदा कारतूस मिले शाहजहांपुर पुलिस ने अपराधी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई चालू की।